14.33 hrs.

RESOLUTION *RE* APPOINTMENT OF A COMMITTEE TO ENQUIRE INTO THE UNEMPLOYMENT PROBLEM—*Contd.*

Mr. Deputy-Speaker: The House will now resume further discussion of the resolution moved by Shri Diwan Chand Sharma on the 27th September, 1958:—

> "This House is of opinion that a Committee be appointed to estimate the incidence of unemployment in this country and to suggest ways and means of dealing with it."

Out of 3 hours allotted for the discussion of the resolution, 35 minutes have already been taken up and 2 hours and 25 minutes are left for its further discussion today.

Shri Braj Raj Singh was on his legs, but there are some amendments that have not been moved on that day.

Shri Bibhuti Mishra (Bagaha): I beg to move:

That for the original Resolution, the following be substituted, namely:

> "This House is of opinion that the incidence of unemployment in the country is very high and urges upon the Government to take, without delay, active steps to solve this problem."

Shri Panigrahi (Puri): I beg to move:

That for the original Resolution, the following be substituted, namely:

> "That this House requests the Government to appoint a Committee with a view to make a full appraisal of the unemployment situation prevailing in the country and place such appraisal report before the House for considera-

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): I beg to move:

That after the words "that a committee" the following be inserted, namely:

> "consisting of eight members—four from Lok Sabha and three from Rajya Sabha and with the Planning Minister as Chairman."

Shri Tangamani (Madurai): I beg to move:

That after the word "unemployment" the words "and underemployment" be inserted.

Mr. Deputy-Speaker: Shri Braj Raj Singh. Since there are so many amendments and hon. Members who wish to speak, the hon. Member will take as short a time as possible. Now all these amendments are before the House.

श्री ब्रजराज सिंह: (फ़िरोज़ाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक बेकारी की समस्या का सवाल है वह दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसका सबसे बड़ा सबूत वे आंकड़ हैं जो सरकार के द्वारा स्थापित काम दिलाऊ दफ्तरों से प्रकाशित होते रहते हैं। लेकिन सरकार द्वारा स्थापित काम दिलाऊ दफ्तरों के आंकड़ों से ही हमको देश की बेकारी की समस्या का पूरा आभास नहीं मिल सकता क्योंकि सारे बेकार लोग अपना नाम यहां रजिस्टर नहीं करवाते। लेकिन फिर भी अगर हम इन दफ्तरों द्वारा प्रकाशित आंकड़ों का अध्ययन करें तो हम देखेंगे कि सन् १९४८ में इन दफ्तरों में ३,२८,७१९ लोगों ने अपने नाम रजिस्टर करवाये थे, जबकि सन् १९५५ में यह संख्या बढ़ कर ६,९१,९५८ हो गयी, फिर सन् १९५७ की मई में यह संख्या ७,८२,९३३ हो जाती है और मई १९५८ में हम देखते हैं कि यह संख्या ९,६३,३४५ हो जाती है। इससे पता चलता है कि हर साल दो तीन लाख बेकार लोग बढ़ जाते हैं। यह बात ध्यान में रखने की है कि जो लोग इन

उनमे गावो के बेकार शामिल नही हैं । हम सभी जानते हैं कि हमारी कृषि व्यवस्था ऐसी है कि जिसमें किसान साल मे एक तिहाई समय बेकार रहते है । गावो मे ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्हे अंडर एम्प्लाइड कहा जा सकता है क्योंकि उनको पूरे साल काम नही मिलता । इसी तरह से शहरों मे जो मजदूर कारखानो मे काम करते हैं वे भी काफी समय ताला बन्दी आदि के कारण बेकार रहते हैं । हमारे मुल्क मे इन सब बेकारो के आकडो को इकट्ठा करने का कोई प्रबन्ध नही है, लेकिन अगर हम इन सारे आकडो को एकत्र कर सके तो हम देखेंगे कि बेकारो की बहुत बडी सख्या हमारे देश में है । लेकिन अगर हम अन्दाजा लगाये तो यह सख्या करोडो तक पहुचेगी और यदि इतने लोग हमारे देश मे बेकार हैं तो हम किस तरह से कह सकते हैं कि हमारा देश समाजवादी समाज व्यवस्था की ओर बढ रहा है । ऐसी अवस्था मे हम किस तरह से अपने यहा समाजवादी समाज की स्थापना कर सकते है जिसमे हर एक व्यक्ति के लिए काम हो, खाना हो, कपडा हो, शिक्षा हो, और चिकित्सा हो तथा स्वास्थ्य सुधार की सुविधाये मिल सके ।

तो यह एक ऐसी समस्या है कि जिसकी तरफ सरकार का ध्यान जल्दी ही जाना चाहिए और सरकार को यह कोशिश करनी चाहिए कि यह समस्या किसी तरह हल हो । पहले पचवर्षीय आयोजन मे इस समस्या की ओर विशेष ध्यान नही दिया गया । दूसरे पचवर्षीय आयोजन मे सरकार ने इस समस्या की ओर कुछ ध्यान दिया है लेकिन आज हमे अफसोस के साथ यह कहना पडता है कि दूसरे पचवर्षीय आयोजन मे जितने व्यक्तियो को काम दिलाने की व्यवस्था आरम्भ मे की गयी थी आज हम देखते हैं कि हम उतने व्यक्तियो को काम नही दिला सकते । प्रारम्भ मे आठ नौ मिलियन लोगो को काम दिलाने की व्यवस्था थी लेकिन अभी पिछली मई मे सरकार की तरफ से अध्ययन रखा गया जिससे पता चलता है कि ६० लाख के अधिक लोगो को हमारी दूसरी पचवर्षीय योजना के दौरान काम नही मिल सकता । तो हमे देखना होगा कि कहा गलती है कि हमारे यहा रोजगार के अवसर नही बढ रहे हैं। मुझे तो लगता है कि इसमे कोई मौलिक गलती है जिसकी वजह से काम मिलने के अवसर नही बढ रहे हैं । उदाहरण के लिये हमारी सरकार का कुछ ऐसा दृष्टिकोण है कि देश मे काम दिलाने के लिए इस तरह से पूजी लगायी जाये कि १०, १५ या २० हजार रुपया लगाने पर एक आदमी को काम मिल सके । पर होना यह चाहिए कि १००, २०० या ज्यादा से ज्यादा एक हजार रुपये की पूजी लगाने पर एक आदमी को काम मिलना चाहिए । अगर हम ऐसी व्यवस्था करेंगे तो अधिक से अधिक व्यक्तियों को काम दिला सकेंगे ।

खादी और ग्रामोद्योग कमीशन कायम किया गया । उसके लिए पार्लियामेंट ने एक एक्ट भी बनाया । लेकिन उस एक्ट द्वारा जिन चीजो के उत्थान की हमने व्यवस्था की है उन चीजो का उतना उत्थान हो रहा है । मधुमक्खी पालन, मछली पालन और दूसरे ऐसे छोटे छोट उद्योग हैं कि जिनमें बिना कोई पूजी लगाये लोगो को काम मिल सकता है, उनको पैसा मिल सकता है और उनका जीवन निर्वाह हो सकता है । मैं जानना चाहूगा कि इस तरफ सरकार ने कितना ध्यान दिया है । खादी विस्तार की तरफ ही सरकार का कितना ध्यान है । छोटे उद्योग धन्धे बढाने की तरफ सरकार का कितना ध्यान है । सरकार का ध्यान बडे उद्योगो को बढाने की तरफ अधिक है जहा १५ या २० हजार रुपये की पूजी लगाने के बाद एक व्यक्ति को काम मिल सकता है । हमको यह भी ध्यान मे रखना चाहिए कि हिन्दुस्तान मे प्रति वर्ष ५० लाख नये मुह बढ जाते हैं और अब तो शायद इससे भी ज्यादा बढते होगे । १५ या २० साल बाद इन पैदा होने वाले लोगो को काम देने की

[श्री ब्रज राज सिंह]

समस्या पैदा होगी। तो यह चक्र बराबर इसी तरह चलता रहेगा और लोगो को काम दिलाने की व्यवस्था बराबर करते रहना होगा। इस काम के लिए हमको अपनी अर्थ व्यवस्था मे मौलिक परिवर्तन करने होगे जिससे इन लोगो को काम मिल सके। इस तरफ सरकार का जितना ध्यान होना चाहिए उतना नही है। इसके लिए सरकार को कोशिश करनी चाहिए। अभी भी हमारे देश मे करोडो एकड परती जमीन पडी हुई है। उसको तोडा जा सकता है। ऐसा करने से जहा एक तरफ लोगो को काम मिलेगा वहा दूसरी तरफ हमारे देश की खाद्य समस्या भी हल होगी। आज हमे खाद्यान्न बाहर से मगाने पर विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड रही है। वह भी बन्द हो जायेगी। वह देश जिसमे किसी समय दूध और घी की नदिया बहती थी आज उसे बाहर से खाद्यान्न मगाना पड रहा है। यह कितनी भयावह स्थिति है। इस स्थिति पर काबू पाने के लिए यह आवश्यक है कि हमारे मुल्क मे जो परती जमीन पडी हुई है उसे तोडने का एक सुनियोजित कार्यक्रम बनाया जाये। इस तरफ सरकार का कोई ध्यान नही है। सरकार ने मेट्रल ट्रेक्टर आरगनाइजेशन कायम किया है लेकिन ट्रेक्टर से जमीन तोडने मे वह सारी जमीन नही टूट सकती जो कि परती पडी है। उसके लिए हमारा सुझाव है कि सरकार दस लाख लोगो की एक भूमि सेना बनाये जिसका काम यह होगा कि वह परती जमीन को तोडे, और यह जमीन तोडी जा सकती है। मै ने अपने क्षेत्र मे देखा है कि जमुना और चम्बल की खादर मे किसानो ने बरसात के दिनो मे मेडे बना बनाकर इस प्रकार की जमीन को तोडने की कोशिश की है और पाच छ साल में एक परिवार बीस, पच्चीस या तीस बीघा जमीन तोड सका है। इस काम मे ट्रेक्टर की कोई जरूरत नही है। मेंडें बनाकर कटाव रोक कर इस जमीन को तोडा जा सकता है। किन्तु इस तरफ सरकार का ध्यान नही है। सरकार एक दस लाख लोगों की भूमि सेना बनाकर इस प्रकार की खादरो की जमीनो को खेती योग्य बना सकती है। इस काम में ट्रेक्टर की कोई जरूरत नही होगी। इससे एक तरफ हमारे देश के दस लाख लोगो को काम में लगाया जा सकेगा और दूसरी तरफ हमारी खाद्य समस्या भी हल हो सकेगी। मै चाहता हू कि सरकार का ध्यान इस तरफ जाय।

हमारे सविधान मे यह व्यवस्था है कि यह राज्य का कर्त्तव्य है कि वह १४ साल तक की उम्र के तमाम बच्चो को अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा दे। लकिन हम देखते है कि हमारे शिक्षा मत्री ने बताया कि वह दूसरी योजना के अन्त तक किसी हद तक यह काम कर सकते है और तीसरी योजना के अन्त तक भी सारे १४ साल के बच्चो की शिक्षा की व्यवस्था नही कर सकते। शायद इसके लिए सन् १९९० तक जाना होगा। एक तरफ तो यह अवस्था है और दूसरी तरफ शिक्षित बेकारो की सख्या बढती जाती है। इसके लिए मेरा यह सुझाव है कि सरकार को दस लाख लोगो की एक शिक्षा सेना बनानी चाहिए जो कि १४ वर्ष तक के बालको को शिक्षा दे। अगर एक एक शिक्षक बीस या पच्चीस बच्चो को भी शिक्षित कर सका तो हम इस प्रकार ढाई करोड या दो करोड बच्चो को शिक्षा दे सकेंगे और इस तरह से दस लाख शिक्षित व्यक्तियो को काम भी दे सकेंगे। एसा करके हम सविधान में जो डाइरेक्टिव प्रिंसिपल है उसके अनुसार भी काम कर सकेंगे। इस काम में कोई बहुत बडा खर्चा भी नही है। अगर आप इन शिक्षा सेना के लोगो को सौ रुपया माहवारी न दे सकें तो पचास रुपया माहवारी ही दें जो कि आम तौर पर प्राइमरी स्कूलो के अध्यापको को मिलता है। इसी तरह से भूमि सेना वालो को भी आप पचास रुपया माहवार दें। तो इस प्रकार हम सौ

सवा सौ करोड़ रुपया खर्च करके देश की बड़ी भारी समस्या को हल कर सकते हैं। इस प्रकार हम बीस लाख लोगों को काम दे सकते हैं और दूसरी तरफ हमारी शिक्षा की और खाद्य की समस्या भी हल हो सकती है।

इसी तरह से छोटे उद्योगों—इंजीनियरिंग उद्योगों का सवाल है। हमारे काम-दिलाऊ दफ्तर में जो आंकड़े प्रकाशित होते हैं, उन से प्रकट होता है कि मई, १९५८ में पच्चीस, तीस फ़ीसदी लोग ऐसे थे, जो कि क्लैरिकल काम—लिखा-पढ़ी का काम, मुन्शीगीरी का काम चाहते थे और सिर्फ़ आठ फ़ीसदी लोग टैक्निकल काम चाहते थे। आज आवश्यकता इस बात की है कि देश में एक ऐसा वातावरण पैदा किया जाय, ऐसे हालात पैदा किए जायें कि लोगों की प्रवृत्ति टैक्निकल कामों की तरफ़ अधिक हो। इस के लिए यह जरूरी है कि देश में टैक्निकल शिक्षा का विस्तार हो और वह तभी हो सकता है कि शिक्षा का माध्यम बदला जाय और टैक्निकल शिक्षा की तरफ़ ज्यादा ध्यान दिया जाय।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि बेकारी के बारे में सरकार को बहुत ही गम्भीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है। ऐसा तब तक नहीं किया जा सकता है, जब तक कि इस सम्बन्ध में एक कमेटी न बना दी जाये। कमेटी संसद् के मेम्बरों की हो, तो बहुत अच्छा हो। उस कमेटी में विशेषज्ञ भी रखे जायें। वह कमेटी इस समस्या का गहराई में जा कर अध्ययन करे, सारे मुल्क में घूमे और फिर अपनी रिपोर्ट पेश करे, तो यह समस्या हल हो सकेगी।

Shri Panigrahi: When we are discussing this resolution, it is rather regrettable that Government or the Planning Commission have not been in a position to let us know the exact situation of unemployment prevailing in this country today after eight years of national plans.

When the appraisal of planning was put before this House by the Minister of Labour, he said:

> "As regards employment, the data available for judging past trends as well as estimating the likely trends hereafter are still far from adequate. ..The investment effort in the economy is still not up to the mark for ensuring employment sufficient to absorb the annual additions to the labour force".

Again, in the *Reappraisal of the Second Five Year Plan* it was said:

> "The problem of unemployment has been recently further accentuated by the difficulty of securing raw materials and imported components for machinery."

Then, when there were second thoughts on planning, the original allocation of Rs. 913 crores for irrigation and power projects which provide employment to the people in large numbers was reduced to Rs. 832 crores. The target for additional acreage to be brought under cultivation was reduced from 12 million to 10·4 million acres. In the case of road transport, the original allocation was Rs. 246, but now it has been reduced to Rs. 219 crores.

Again, during these years, 136 manganese mines have closed down. Many small-scale engineering units have also closed down because of lack of raw materials. Large-scale retrenchments are going on in textile mills and in different other projects. Really speaking, the exact position of employment in the country today has not been properly assessed, either by the Planning Government or by Government.

I can say boldly that Government are not in a position, and even the Minister when he is going to reply to the debate, is not in a position, to tell us categorically the number of people

[Shri Panigrahi]

who have been provided with employment during the First Plan, and the number of people who have been provided with employment during these three years of the Second Plan period.

I would, however, say that the Planning Commission did make some efforts to assess the situation, but that was long before, in 1955. The Planning Commission set up a study group to assess the extent of unemployment among the educated people, and they have said that if Government want to eradicate unemployment among the educated, then 20 lakhs of jobs for the educated have to be provided in the Second Five Year Plan. I would like to know from the Minister the total number of people who have been provided with jobs during the Second Plan up till now, so far as the educated unemployed are concerned.

The Ministry of Labour also have conducted some studies in the pattern of graduate unemployment in this country. On 15th May, 1957, they calculated, the number of graduate unemployed in this country was 26,297, but in May, 1958, in answer to one of the questions, the hon. Minister has said that the figure has gone up to 32,000 so far as graduates are concerned.

There are also other surveys which have been made by eminent economists who are studying this problem of unemployment in this country. According to them, in the year 1953, the total number of unemployed in this country was 47·13 million, and they have calculated the figure sectorwise. In the sector of agriculture, the figure came to 42·30 million. In plantation and mining, it came to 0·08 million. In the cottage and small-scale industries sector, it was 2·33 million. In the large-scale industry sector, it was 0·24 million. In the sector of commerce, it was 1.40 million, in the sector of intellectual and soft-handed workers, it was 0·22 million, and in domestic and unskilled and other services, it was 0·56 million. All this makes a total of 47·13 million in 1953. It has been calculated that every year, 2 million people are coming to the labour force of this country. If we calculate according to this basis, from the year 1953 up to 1958, it comes to another 16 million. Altogether the grand total comes to 63·13 million people unemployed in this country after 8 years of national plans.

Now, the question is what we can do to solve this problem. It is really urgent—I would tell the Minister that it is not a question of any party involved here—that a committee should be appointed It may be an expert committee of the department itself or it may consist of some planning experts. They should really assess the extent and nature of unemployment prevailing in this country today and tell us what is the number of people who were really provided employment in the First Plan period and the Second Plan period.

In the *Statesman* there was recently an article on this subject. They have said that the problem of unemployment in the country has aggravated. They have said that the number of people registered in the Employment Exchanges has come to 1 million. I would, therefore, humbly submit the following six suggestions which may be taken into consideration. I think at present Government can take a bold step to ban all kinds of retrenchment in whatever industry it is taking place. Secondly, there should be distribution of land. Though directly it has nothing to do with the Ministry of Labour, thousands and lakhs of people are coming out of the villages to seek employment in industries situated in towns. If the Ministry wants to solve the problem of unemployment, they should provide for those who are ousted from land. Therefore, land distribution is intimately connected with the provision of employment to the people.

Thirdly, in the sector of cottage and small scale industries, Government should take a really bold step. With the way the Plan is being appraised and re-appraised, we apprehend that ultimately even the little money that has been allotted to the small scale industries sector may again be reduced. It will affect employment in that sector. Fourthly, Government should take measures to stop eviction from land. It is because more and more people are being evicted from land and they are coming to the towns to seek employment in industries that the problem has been aggravated. Fifthly, a spirit of self-help must be inculcated in the minds of villagers so that they can depend more and more for their consumer goods and necessaries on goods manufactured in the villages or rural areas. This will develop a spirit of swadeshism and self-help. Sixthly, there must, for the present, be unemployment relief given to those who are really unemployed who are being retrenched. They are seeking employment, but they do not get it.

So far as the agricultural sector is concerned, a large number of people are unemployed or under-employed during the off season. The Committee on Land Reforms appointed by the AICC which went into the question have found out the position regarding seasonal unemployment prevailing in agriculture today in the country. They have calculated that an average peasant in India remains idle for six months in a year. More than 80 per cent of the total population of India live in villages. So how is it that we can help them, if they are idle for six months in a year. We can only help them if industries in the small scale sector are established in villages. When electrification of villages is being undertaken, I think industries can also be started there in right earnest.

With regard to the promises of the Government, I would like to mention two points. They said that by 1955-56, Government would provide additional jobs to the extent of 52,84,000, and in the beginning of the Second Five Year Plan, they promised to provide by 1961 another 7·9 million jobs in the industrial sector (a total of 8·15 million additional jobs). We would like to know from the hon. Minister whether these targets have been fulfilled; if not, to what extent, they have been fulfilled. Is he also in a position to let us know what will be the exact position of employment in the country during the rest two years of the Plan.

With these few words, I would request Government to appoint a committee to go into this question and put their appraisal of the employment situation in the country before us so that we can really assess the situation as it is today regarding employment in this country.

श्री मू० चं० जैन (कैथल) : माननीय डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस रेजोल्यूशन के मूवर, श्री शर्मा, को मुबारकबाद देता हूं, जिन्होंने यह रेजोल्यूशन इस हाउस में पेश कर के देश की एक बहुत बड़ी समस्या की तरफ़ हाउस की और सरकार की तवज्जह दिलाई है। मुझ से पहले इस प्रस्ताव पर कई तकरीरें हो चुकी हैं। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे देश में अन-एम्पलायमेंट की कई किस्में हैं। हमारे यहां एजुकेटिड अन-एम्पलायमेंट—तालीमयाफ्ता नौजवानों की बेरोजगारी—के साथ ही साथ गैर-तालीमयाफ्ता लोगों की बरोजगारी भी मौजूद है। उन के अलावा हमारे देश में लैंडलैस लेबरर्ज और अनस्किल्ड वर्कर्ज को भी काम दिलाने का सवाल है। जब इस सवाल पर गौर किया जाता है कि किस तरह से इन मुख्तलिफ़ किस्म के बरोजगार लोगों को काम दिलाया जाय, तो और भी कई मसले हमारे सामने खड़े हो जाते हैं।

जहां तक तालीमयाफ्ता बेरोजगारों का सवाल है, मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे मौजूदा तरीका-ए-तालीम की हमेशा

[श्री मू० चं० जैन]

नुक्ता-चीनी की जाती है और नुक्ता-चीनी करने में छोटे छोटे सरकारी मुलाजमीन से लेकर राष्ट्रपति और प्राइम मिनिस्टर तक शामिल होते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि जो तरीका-ए-तालीम अंग्रेज के जमाने में रायज था, आजादी मिलने के दस साल बाद तक वही तरीका कमो-बेश चल रहा है, जिस का नतीजा यह है कि अगर एक किसान का लड़का मैट्रिक पास कर लेता है, तो उस की तवज्जह अपने बाप-दादा के पेशे-खेती की तरफ़ नही रहती। इसी तरह एक दुकानदार का लड़का अगर मैट्रिक पास कर लेता है—एफ० ए० और बी० ए० तो दूर की बात है—तो वह दुकान पर अपने मां-बाप का हाथ न बटा कर मुंशी या कलर्क की नौकरी की तलाश करता है। इसी तरह लेबरर का तो कहना ही क्या है। हमारा तरीका-ए-तालीम ऐसा होना चाहिए कि तालीम हासिल करने के बाद कोई बेहतर रोजगार मिलने से पहले कम से कम अपने आबाई रोजगार के सुधार की तरफ़ ध्यान हो, लेकिन हमरा तरीका-ए-तालीम इतना नाकिस है कि तालीम हासिल करने के बाद लड़कों को अपने मा-बाप के रोजगार से नफ़रत हो जाती है।

इस बहस के मौके पर हमारे डिप्टी लेबर मिनिस्टर तो तशरीफ रखते हैं, लेकिन यह प्रस्ताव इतना अहम है कि मुनासिब होता अगर तालीम के मिनिस्टर और कम्यूनिटी डेवेलपमेंट के मिनिस्टर भी यहा मौजूद रहते और इस सिलसिले में मेम्बरान के सजेस्शन्ज को सुनते।

श्री स० म० बनर्जी : वे इस को जरूरी नही समझते।

श्री मू० चं० जैन : हा, ऐसा ही मालूम होता है।

मौजूदा तरीका-ए-तालीम के बारे में हम लोग अखबारों में पढ़ते हैं। राष्ट्रपति और प्राइम मिनिस्टर तक उस के नकायस की तरफ़ तवज्जह दिलाते हैं, लेकिन यह कितनी हैरानी की बात है कि सब ताकत होते हुए भी इस बारे में कुछ नही किया जा सकता है।

जहा तक अनएजुकेटिड अन-एम्पलायमेंट का ताल्लुक है, मुझ से पहले बोलने वाले भाई ने कुछ फ़िगर्ज दी है। वे ठीक हैं, लेकिन मैं यह सवाल पूछना चाहता हू कि लैंडलैस लेबर के लिए हम ने क्या किया है, अनस्किल्ड वर्कर्ज को राहत पहुचाने के लिए हम ने क्या कदम उठाए हैं। हम इस देश में सोशलिस्ट पैटर्न आफ़ सोसायटी कायम करने का दावा करते हैं, लेकिन आप सुन कर हैरान होंगे कि कम्यूनिटी प्राजेक्ट का महकमा हर एक ब्लाक में पाच बरस मे बारह लाख रुपए खर्च करता है, लेकिन देहात के पूअरेस्ट सैक्शन के लिए बराहे-रास्त कुछ भी खर्च नही किया जाता है। अब उन के लिए ६०, ६४ हजार रुपया खर्च हो रहा है, लेकिन उस को इस तरीके से खर्च किया जाता है कि उन लोगो को कोई डायरैक्ट फायदा नही हो सकता है। एक्सपर्टस कमेटी ने इस बारे मे यह राय दी है कि कम्यूनिटी डेवलेपमेंट का देहात पर कोई असर नही है, अमीर और ग़रीब लोगो मे जो फ़र्क पहले था, वह और बढ़ गया है, लैंडलैस लेबरर्ज और अनस्किल्ड वर्कर्ज को इस प्रोयाम से बराहे-रास्त कोई फ़ायदा नही पहुच रहा है। मैं जानता हूं कि इस बात का ताल्लुक कम्यूनिटी डेवेलपमेंट से है, लेकिन बेरोजगारी की समस्या से इस का ताल्लुक इस तरह है कि पिछले आठ दस साल से हमारा जो तरीका रहा है, उस से हमारी जनता के पूअरेस्ट सैक्शन को कोई फायदा नही पहुचता है। इस का जवाब इस हाउस मे यह दिया जा सकता है कि ग़रीब लोगों को इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट के लिए कर्जे दिए जाते हैं, ग्रान्ट्स दी जाती हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि वह रुपया थोड़े

को-आपरेटिव सोसायटी बना कर दिया जाय और चाहे किसी और तरीके से दिया जाय, वह सिर्फ उन्हीं लोगों को मिलता है, जिन के पास पहले से साधन हैं, पहले से सीन्स हैं, और जो अफसरान तक पहुंच सकते हैं। जहां तक गरीब लोगों का ताल्लुक है, इस किस्म के तरीके बने हुए हैं कि सिक्योरिटीज दी जावें, इस लिए जिन लोगों के पास न जमीन है और न कोई पूंजी है, वे कैसे सिक्योरिटी दे सकते हैं? नतीजा यह है कि उन लोगों को कर्ज नहीं मिल सकते हैं। पिछले दस बरस में हमारा डेवेलपमेंट किस तरीके से चल रहा है, देहात पर उस का क्या असर रहा है, हम सोशलिस्ट पैटर्न का समाज कायम करने में आगे बढ रहे हैं या पीछे हट रहे हैं, इन सवालात की गहराई से जांच-पड़ताल करने के लिए जब तक सरकार की तरफ से एक एक्सपर्ट कमेटी नहीं मुकर्रर की जायगी, जिस में पार्लियामेंट के भी मेम्बर हों, तब तक मुझे यह मसला हल होने की सूरत नजर नहीं आती है।

13 hrs.

आज हम देखते हैं कि देश में इतनी जमीन की भूख है इतनी लैंड हंगर है। यह ठीक है कि मजदूरों की भलाई के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन इस सिलसिले में वही हालत है कि मर्ज बढ़ता गया, ज्यों ज्यों दवा की। ऐसा नजर आता है कि कानूनों के बनते ही पचास साठ फी सदी टेनाट्स हर एक स्टेट में बेदखल हो गए, उजड़ गए। सवाल यह है कि यह लैंड हंगर क्यों है। इस लिए है कि लोगों के पास कोई रोजगार नहीं है। अनस्किल्ड लेबरर को कोई काम करना नहीं आता है। पिछले दस वर्षों में हम ने उस को किसी काम के लायक नहीं बनाया। रोजगार देने के अलावा उसकी लैंड हंगर का कैसे हटाया जा सकता है? अगर कोई फैमिली जमीन के अलावा किसी और साधन के सहारे, अस्सी रुपए कमा सके—मैं एक छोटा सा स्टैंडर्ड बता रहा हूं—तो फिर उस का ध्यान जमीन की तरफ नहीं जायगा। लेकिन पिछले दस बरसों में हम ने क्या किया है? जहां तक बड़े बड़े कारखानों में काम करने वाले लेबरर्ज और रैशनलाइजेशन वगैरह का सवाल है उस में मैं इस वक्त नहीं जाना चाहता हूं।

इस के अलावा हर साल बढ़ती हुई आबादी का भी सवाल है। हर वर्ष पचास लाख बच्चे पैदा होते हैं। क्या आज से अठारह बीस वर्ष के बाद वे बेरोजगारों की फेहरिस्त में शामिल नहीं हो जायेंगे? जो लोग पन्द्रह बीस वर्ष पहले पैदा हुए, वे आज बेरोजगारों की लिस्ट में हैं। यह प्रासेस तो कान्टीन्यूअस है और वह पहले से शुरू है। हम ने इस प्लान में दस मिलियन बेरोजगारों के लिए रोजगार मुहैया करना है। वह भी हम नहीं दे सकते हैं। शायद एक दो मिलियन तादाद और कम हो गई है। पांच वर्ष में तो दस मिलियन आबादी वैसे ही बढ जाती है। यह तस्वीर भयानक शक्ल अख्तियार करती जाती है। सरकार वक्त से आगे। उस को जागना तो पड़ेगा ही, यह मेरा विश्वास है, लेकिन मैं चाहता हूं कि वह वक्त से जागे और अगर वह वक्त में जागेगी, तो हमारे देश के लिए भी अच्छा होगा और सरकार के लिए भी अच्छा होगा।

Shri S. M. Banerjee: Mr Deputy-Speaker, Sir, I rise to support the resolution moved by my learned friend, Prof D C Sharma, with my amendments Twelfth February, 1956, was the happiest day for those unemployed who were breaking their heads against the walls of the Employment Exchange. On this day, there was an announcement that 8 million new jobs will be provided in the Second Five Year Plan Really, Sir, we were all happy and we thought that the miseries of some millions of people will come to an end But, in the same year, on the 15th September, 1956, 8000 Defence employees were retrenched and it was said that there was no work for them.

[Shri S. M. Banerjee]

Then came retrenchment in the Damodar Valley Corporation and it was said that there were no jobs for them at present and they will be given alternative jobs. Still we see those people shouting slogans, breaking their heads against the walls of the Employment Exchanges and trying to get some job. We were told in this House and outside also that every sincere effort was being made to provide them with employment. I do not deny that some of them have been provided employment.

What is the condition today? When I read the words 'Employment Exchange' I sometimes feel, why not change the name. If there is no employment, what is to be exchanged? The name should have been changed by this time. We are told today that the Labour Minister is going to give us some information about the potentialities of employment in the Second Five Year Plan. May I assure the House and my hon. friends that he is not going to give us anything because on 20th November, 1958, in reply to my Unstarred Question which was:

> "Will the Minister of Labour and Employment be pleased to state the number of persons likely to be employed during 1959-60 period of the Second Five Year Plan?"

and the reply by the Deputy Minister Shri Abid Ali was:

> "Information is not available."

So, you can imagine, if the information was not available till the 20th November, 1958, how can that information be available on the 21st November, 1958? So, nothing is available even today and I am sure whatever we will be told will be based on some wrong information or some statistics. I know there are three types of lies: lies, damned lies and statistics. I do not know what will become of this.

My submission is this. Previously, there were 8 million new jobs. Then, the number was reduced to 6·5 lakhs. Now, we do not know what is being done. May I, for the information of the House, quote certain figures which I got from the book *Employment News*? The total registered unemployed—I am talking of the registered unemployed because all the rickshaw-wallas in the country are unregistered unemployed—in July 1957 was 8,15,716. In June 1958, it was 10,10,573 and in July 1958, 10,83,126.

In the cotton textile industry which is one of the biggest industries of the country, there is shrinkage of employment. In July 1957, the total number of employees was 9,48,139; in May 1958, 9,95,582; in June 1958, 9,06,578. It is very well-known to this House and the hon. Minister that after the announcement that 8 million new jobs will be provided, closure started, and nearly 26 textile mills in the country have been closed and, with all the concessions at the command of Government for the employers, I do not think hardly even a mill has been opened. The Labour Ministry has become a concealed spectator of this. They cannot do anything. And, I should say, if I may be permitted to use that expression, their position is just that of a helpless widow in an orthodox Hindu family, cursing everybody; they cannot do anything. They can neither ask the Commerce and Industry Ministry to come forward with a plan to open these mills; they cannot possibly ask the employers to do anything. They are simply watching the situation as the unemployed workers.

In Kanpur 10,000 men have been thrown on the streets. With their family members, the total comes to nearly 40 or 50 thousands. They have sold their ornaments and all their belongings; they are marching towards death. With all our national flag in the country, with our democratic traditions, with our promised way of socialism, they are allowed to march towards death. I belong to Kanpur.

That is why I purposely mention this. It is known to the Labour and Planning Minister and all the other Ministers too. Even the Prime Minister knows it very well. I have mentioned the cotton text industry. Even in the coal mines, we are told that unempolyment is on the increase. For the information of the House, I may say that in June 1957 on an average about 89,28,388 were employed but in February, 1958 the number was 87,83,802. This is the position.

My friend Shri Panigrahi mentioned enough about the educated unemployed. My information is that is more than three lakhs. This educated unemployed numbers that much; it includes many graduate and M. As. and others, who have registered themselves in the employment exchange and they are not getting any employment. We were told here and there was also an announcement in the newspapers that 60,000 new jobs will be found for the educated unemployed in the form of appointment of teachers. I do not know what has happened to that and how many people have been appointed.

So, if there is retrenchment and the closure continues the number of unemployed will shoot up like this, with all our pronouncements m the past set naught, people will have no faith or confidence in the Second Plan. That will be the greatest set back because our Prime Minister has said that it is not the resources or other things but it is the good-will of the people which will account for the successful implementation of the Second Plan. Are we not losing the good-will of the people by this sore of retrenchment in various industries. May I ask the hon. Minister to throw some light—not the sort of light thrown while replying to my unstarred question—as to what will happen.

I support the suggestion of my hon. friend, Shri Panigrahi. In this very House, probably in 1953, Shri A. K. Gopalan moved a non-official resolution demanding a sum of Rs. 50 crores for the unemployed people in the form of relief.

Now, people will say: where are the resources? My reply is: cut the extravagance. In this very month, the high explosives factory was opened at Bhumia, near Ranchi. My information is that Rs. 32 lakhs were spent merely on the inaugural ceremony. The Grand Hotel of Calcutta was given a contract for catering to the tune of Rs. 3·5 lakhs and it was calculated at the rate of Rs. 134 per man per day. I may be wrong; it may be Rs. 133 per head per day. The Rashtrapati or the Prime Minister of a poor country goes there and they do not know what happens there. When we are spending Rs. 32 lakhs on these inaugural functions, we cannot talk of austerity to the people and ask them to sacrifice. They will not sacrifice. The unemployed people will definitely some day stand together and rally round our flag and party and it will be very bitter for the other party—the ruling party. All these six suggestions should be accepted; unemployment relief should be immediately given and Rs. 50 crores must be found by curtailing the extravagant expenditure which we indulge in.

श्री विभूति मिश्र : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो रेजोल्यूशन श्री दी० चं० शर्मा जी ने मूव किया है, इस में मैंने एक एमेंडमेंट भी दिया है । मैं समझता हूं कि यह जो बेकारी की समस्या है? यह विकट रूप धारण किये हुए है और इस समस्या को तब मैंने और भी अच्छी तरह से समझा जब मैं २ अक्तूबर से ८ अक्तूबर तक कांग्रेस के काम से पदयात्रा पर गया था । इस पदयात्रा के बाद मैंने प्रधान मन्त्री जी को एक पत्र लिखा जिसमें मैंने उनसे प्रार्थना की कि इस बेकारी की समस्या को हल करने के लिए अविलम्ब कदम उठाये जाने चाहियें । मेरा अपना विचार है कि इस बेकारी की समस्या को हल अगर कोई पार्टी कर सकती है तो वह कांग्रस पार्टी ही है और अगर इसके लिए कोई पार्टी जिम्मेवारी ले सकती है तो वह भी कांग्रेस पार्टी ही है । मैं यह भी समझता हूं कि कांग्रेस पार्टी इस समस्या को हल करने

[श्री विभूति मिश्र]

के लिए सरतोड़ कोशिश भी कर रही है। लेकिन इतनी कोशिश के बावजूद भी अभी सफलता नहीं मिली है।

मैं बतलाना चाहता हूं कि यह जो बेकारी की समस्या है यह उसी तरह से हल हो सकती है जिस तरह से हम कांग्रेस वालों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी। उस वक्त जिस सादगी के साथ हम रहे, अगर उसी सादगी के साथ आज भी हम रहें तो यह समस्या बहुत जल्दी हल हो सकती है। जब हम आजादी के लिए अंग्रेजों के साथ लड़े थे तो भी हम ने सादगी का रास्ता अपनाया था और आज भी जरूरत इस बात की है कि सादगी का ही रास्ता अपनाया जाये। आज जब हम गवर्नमेंट में हैं और हमारे लोग गवर्नमेंट में हैं, उनको चाहिए कि वे सादगी का जीवन बितायें। अगर उन्होंने ऐसा किया तो यह समस्या जल्दी हल हो सकती है।

मैंने प्रधान मंत्री जी को यह भी लिखा है कि हिन्दुस्तान में किसी की भी तनख्वाह १,००० से अधिक नहीं होनी चाहिए। मैं तो यहां तक कहूंगा कि जिस तरह से सबसिस्टेंस एलाउंस ले कर हम ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी उसी तरह से आज जब हम गवर्नमेंट में हैं, तो सबसिस्टेंस एलाउंस ले कर ही हम इस बेकारी की जो समस्या है इसको भी हल कर सकते हैं।

प्लानिंग कमिशन ने कहा है कि ६३ लाख बेकार तो शहरों में हैं और ९० लाख बेकार देहातों में हैं। मैं आपको बतलाना चाहता हूं क २२ प्रतिशत लोगों के पास जमीन नहीं है। चाहता हूं कि इन लोगों में जो बेकारी व्याप्त है इसको हल करने के लिए सब से पहले कदम उठाये जायें। प्रधान मंत्री जी ने जो किताब लिखी है उसको मैंने पढ़ा है। मैं समझता हूं कि प्रधान मंत्री इस समस्या को हल कर सकते हैं। मेरा अपना विचार है कि हम लोग उतना ही एलाउंस लें जितने से हमारी जीविका चल सके। जब हम ऐसा करेंगे तो दूसरे सरकारी अफसरों पर भी इसका असर पड़ेगा और वे भी अपनी तनख्वाहें कम करेंगे। साथ साथ जो बड़े बड़े पूंजिपति हैं, जो अपने जीवन पर अधिक खर्चा करते हैं, वे अपने खर्चे को कम करेंगे। साथ ही साथ जो बड़ी बड़ी जमीन रखने वाले हैं, उनसे जमीन ले कर के जब तक हम गरीबों में नहीं बांटेंगे, तब तक यह समस्या हल नहीं हो सकेगी और तब हमारा गुजारा नहीं हो सकेगा।

मैंने अपनी पदयात्रा में देखा है कि इस बेकारी की समस्या के मकाबले में और सभी समस्यायें गौण हैं। इस वास्ते इसका हल होना आवश्यक है। हमारा जो उत्पादन है वह भी बढ़ाना आवश्यक है। आजकल एक एकड़ भूमि में पौन पांच मन हम पैदा करते हैं। हमारे पास खेती लायक ३०० मिलियन एकड़ भूमि है। अगर हम खेती की पैदावार पर एकड़ बढ़ायें तो भी इस समस्या को हल करने में बड़ी मदद मिल सकती है। साथ ही साथ जो हम बच्चे पैदा कर रहे हैं, वे भी हमें कम पैदा करने चाहियें। आजकल देखा जा रहा है कि हर साल ५० लाख आदमी पैदा हो रहे हैं। हमको ध्यान देना चाहिये कि अधिक बच्चे पैदा न हों। हमको उतने ही बच्चे पैदा करने चाहियें जितनों को हम खिला सकें। जब हम उनको खिला ही नहीं सकते हैं तो अधिक बच्चे हमको पैदा नहीं करने चाहियें। इस वास्ते मैं समझता हूं कि सरकार को अपने कामों में सादगी लानी चाहिए।

महात्मा गांधी के बारे में प्यारे लाल जी जो किताब लिखी है, उसको मैंने पढ़ा है। उसमें भी उन्होंने सादगी बरतने पर जोर दिया है। आजकल देखा जाता है कि मनिस्टर मोटर कारों के बगैर चल ही नहीं सकते हैं। मैं समझता हूं कि मोटरों का उपयोग बड़ा ही रेस्ट्रिक्टिड होना चाहिए। बहुत कम मात्रा में हमको मोटरों का उपयोग करना चाहिए। आजकल देखा जाता है कि अक्सर एक मील पर ही किसी

मिनिस्टर का घर है तो भी वह पैदल नहीं आता है, मोटर में आता है। यह जो मोटर का इस्तेमाल है यह कम होना चाहिए। मोटर में जो पैट्रोल है यह कहां से आता है, यह मिडिल ईस्ट से आता है। आज हम ५०,००० टन चीनी बाहर साढ़े दस रुपया मन के हिसाब से बेच रहे हैं। यह हम इसलिए कर रहे है कि हमें फारेन एक्सचेंज चाहिए लेकिन दूसरी तरफ हम पैट्रोल मंगवाने पर रुपयाने खर्च कर रहे है जिस को हम पैट्रोल का खर्च कम करके बचा सकते हैं। प्यारेलाल जी ने भी लिखा है पैट्रोल का खर्च कम होना चाहिए। साथ ही साथ मोटरों का जो उपयोग है वह भी कम होना चाहिए। मैं सरकार से कहता हूं कि वह अपने घर को सब से पहले ठीक करे और एक भी पैसा फालतू खर्च न करे।

मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि महात्मा गांधी नवाखली गये थे। बीच में कहीं उनका पत्थय का साबुन छूट गया। जब तक वह साबुन वापिस नहीं आया उन्होंने साबुन का इस्तेमाल नहीं किया। एक बार उनकी पैंसिल खो गई और जब तक उनकी पैंसिल वापिस नहीं आई उन्होंने दूसरी पैंसिल का इस्तेमाल नहीं किया। आपको भी चाहिए कि आप खर्चे में कमी करें और कहीं पर भी फालतू खर्च न करें। हमको देखना यह है कि हम किस तरह से छोटे लोगों का जीवन स्तर ऊंचा कर सकते है, किस तरह से उनको खुशहाल कर सकते हैं और जब तक वे खुशहाल नहीं होंगे तब तक कुछ भी होने वाला नहीं है। पाणिग्रही जी ने अपना भाषण दिया, लेकिन अपने भाषण में उन्होंने कहीं नहीं कहा क हमारा भी एलाउंस कम होना चाहिए। मैं तो यह कहूंगा कि जो पार्लियामेंट के मैम्बर हैं उनको भी सबसिस्टेंस एलाउंस मिलना चाहिए ताकि मुल्क आगे बढ़ सके। (*Interruptions*)

श्री स० म० बनर्जी : आप कितना एलाउंस लेते हैं ?

श्री विभूति मिश्र : सन १९२० से लेकर आजादी मिलने तक हम लोग जेल में जाते रहे हैं और जो उबर आ कर बैठ गये हैं, मैं पूछना चाहता हूं कि उन्होंने क्या कुर्बानी की है ? मैं तो यह कहूंगा कि हमारे जो कम्युनिस्ट भाई हैं वे भी आज जो बेकारी की समस्या है उसको हल करना नहीं चाहते हैं क्योंकि इनका भी खर्च बहुत अधिक है। इनके भी जो लीडर हैं वे कभी बगैर मोटर के नहीं आते हैं। इनकी जो पार्टी है उसका भी बहुत खर्चा है।

मैं प्रधान मंत्री जी से कहूंगा कि वह खर्चे को कम करें। हमारे यहां बड़े बड़े लोग हैं और बड़े बड़े महकमे भी हैं। उन सब में खर्चा कम होना चाहिए। हमें गांधी जी के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। गांधी जी कहा करते थे कि हमारे यहां काटेज इंडस्ट्रीज होनी चाहिए। हमारे प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि हमारे यहां बड़ी बड़ी भी और छोटी छोटी भी, दोनों किस्म की इंडस्ट्रीज होनी चाहियें। हम दोनों प्रकार की इंडस्ट्रीज को बढ़ावा दें।

आज अम्बर चर्खे की बहुत चर्चा है। यह कहा जाता है कि अगर अम्बर चर्खे का कोई आठ घंटे तक इस्तेमाल करे तो एक रुपया कमा सकता है। इसकी आज बहुत मांग है, इसको भी पूरा किया जाना चाहिए।

आज हम देखते हैं कि करोड़ों लोग ही स्कूलों और कालेजों में पढ़ते हैं। आज कोई चार करोड़ के करीब लोग पढ़ रहे हैं। १९५४-५५ में उनकी संख्या ३ करोड़ १२ लाख ६६ हजार ९२३ थी। कितने ही इनमें से बीच में ही छोड़ जाते है, कितने ही मिडिल पास करके छोड़ जाते हैं और कितने ही बी० ए० और एम० ए० पास करके हर साल बेकार फिरते हैं। सरकार को अविलम्ब इनको रोजगार देने का प्रबन्ध करना चाहिए।

श्री दी० चं० शर्मा जी ने कहा है कि सर्वे होना चाहिए और इसके लिए कमेटी

[श्री विभूति मिश्र]

बननी चाहिए । मैं कहता हूं कि कमेटी बनते बनते दो बरस लग जायेंगे । हमें मालूम है कि बेकारी है और इस बेकारी की समस्या को हल करने के लिए हमारी सरकार को कुछ न कुछ इंतिजाम करना चाहिए । अगर हम वे इस समस्या को अविलम्ब हल नहीं किया तो यह हमारे लिए बहुत घातक सिद्ध होगा । इस अवस्था को अगर कोई पार्टी हल कर सकती है तो वह गांधी जी द्वारा बनाई गई पार्टी ही हल कर सकती है और हमारे प्रधान मंत्री श्री नेहरू जी ही हल कर सकते हैं । और कोई इसको हल नहीं कर सकता है । (*Interruptions*) आज जो मेरे विरोधी भाई इस तरह की बातें कर रहे हैं उनके बारे में मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि १९४२ में जब मैं जेल से छूटा था हमारे कम्युनिस्ट भाइयों ने वहां पर एक मेरे साहब हुआ करते थे उनसे कहा कि इसको फिर दुबारा जल्दी से जेल भिजवा दीजिये ।

मैं कहना चाहता हूं कि आज चार तरह की बेकारी है । एक बेकारी शिक्षितों में है, दूसरी अशिक्षितों में है, तीसरी अर्द्ध बेकारी है और चौथी डिसगाइज्ड बेकारी है। डिसगाइज्ड बेकारी से मेरा मतलब है उस बेकारी से जिस में कि किसी को २०–२५ रुपये महीना ही मिलता है और उसका गुजारा नहीं हो सकता है । तो इन सभी प्रकार की बेकारियों को दूर करना हमारा फर्ज है । मैं चाहूंगा कि सरकार जल्दी इस समस्या को हल करने के लिए कदम उठाये और पहले अपना खर्च कम करके आगे बढ़े । जब तक ऐसा नहीं होगा, हम कोई प्रगति नहीं कर सकेंगे ।

